Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org

अंक :174 | स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष | सितम्बर 2016

- सितम्बर 2016 में 26 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 11
- उदयपुर का तापमान सितम्ब माह में : अधिकतम 37.0° सेल्सियस, न्यूनतम 23.0° सेल्सियस रहा।
- अगस्त माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं विशिष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग(अगस्त माह)-

- **आजीवन सदस्यता**- श्री प्रकाश जैन, श्री लोकेश जोशी, श्री गणपतलाल पोरवाल (प्रत्येक से 11,000/– रु.)
- **वार्षिक सहयोग** - श्री कन्हैयालाल लाल बापना, श्री आर.के. खोखावत, श्री बी.एल. पोखरना (प्रत्येक से 1,000/– रु.)
- **विज्ञान लोकप्रियकरण** - डॉ. यशवन्त कोठारी चेरिटेबल ट्रस्ट 23,887/–रु.
- **हेल्प टू नीडी** - डॉ. आर. चौधरी 2000/–रु., श्री शांतिलाल गोदावात 5000/–रु.

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- **लोकविज्ञान :** सितम्बर अंक के लेख– **क्यों जानलेवा है डेंगू ?; वायु गुणवत्ता सूचकांक( Air Quality Index ); पर्यावरण संरक्षण की अनूठी घटना; भारत का राष्ट्रीय पशु।**

## महिला सशक्तीकरण

- **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** नवाचार महिला प्रकोष्ठ की मीटिंग विज्ञान समिति में 10 सितम्बर को आयोजित हुई। ग्रुप लीडर **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** ने गेम खिलाया। नवाचार महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका **श्रीमती बेला जैन** और **श्रीमती उर्वशी सिंघवी** ने मंगलाचारण से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। शिक्षिका **श्रीमती आशा कुणावत** ने कुकिंग कार्यशाला में आईस्क्रीम कसाटा एवं पनीर रोल, बादाम मैसूर पाक एवं रोटी कटलेट का लाईव डेमो दिया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आठ उपवास करने पर **श्रीमती अलका** का सम्मान किया गया। नवाचार महिला प्रकोष्ठ की निदेशक **श्रीमती पुष्पा कोठारी**, सह–संयोजिका **नलिना लोढ़ा, श्रीमती सविता कोठारी, श्रीमती मंजु सिंघवी, श्रीमती मंजुला शर्मा** सहित 55 सदस्याएं उपस्थित थीं।
- **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दि. 20.09.16 को मेडम क्यूरी सभागार में पर्युषण पर्व पर **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने क्षमा याचना करके कार्यक्रम प्रारम्भ किया। क्षमापर्व के बारे में **श्रीमती शिवा तलेसरा** ने विचार व्यक्त किए। इसके बाद मनोरंजनात्मक कार्यक्रम हुए। **श्रीमती पुष्पा पारीख** ने विश्व में ''हिन्दु संस्कृति'' बनाये रखने के लिये फतेहसागर पर 10 नव. से 13 नव. तक एक सम्मेलन रखा गया है। गेम्स में **श्रीमती ऊषा गुप्ता** एवं **श्रीमती स्नेह जैन** को पुरस्कार दिया गया।
- **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** इस बार 30 सितम्बर को श्राद्ध अमावस होने के कारण ग्रामीण महिला चेतना शिविर का आयोजन 29.9.16 को हुआ। कार्यक्रम में 45 महिलाओं ने भाग लिया जो फतहनगर, चंदेसरा, नउवा, टूस डांगियान एवं उदयपुर से थीं। प्रार्थना के बाद प्रभारी **डॉ. शैल गुप्ता** ने महिलाओं का स्वागत किया। 6 नयी सदस्य बनीं। **डॉ. के.एल.कोठारी** ने ''एक पुरुष में महिलायें किन–किन गुणों की उम्मीद करती हैं'' विषय पर रोचक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया। उन्होंने इस विषय पर महिलाओं से लेख लिख कर लाने के लिये कहा। नउवा ग्राम में चल रहे सिलाई शिविर की महिलाएं अपने सिले हुए वस्त्र लेकर आयी जिनको बैठक में दिखाया गया । उनको कुछ सुझाव दिए गए।

**प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने विज्ञान समिति में चल रही महिला कल्याण योजनाओं के बारे में बताया। **प्रो. जे.एन कविराज** ने महिलाऐं अभावों से निकलकर किस प्रकार उन्नति कर सकती है विषय पर वार्ता दी। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने लहर पत्रिका का वितरण करते हुए उसमें दी गई जानकारी पर चर्चा की। उन्होंने फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट में जो प्रशिक्षण दिये जाते हैं उनकी जानकारी दी वहाँ जाना भी था किन्तु कुछ विशेष कारणों से आज सम्भव नहीं हो सका। पिछले माह की लहर भी वितरित की गई। चंदेसरा की **श्रीमती तुलसी बाई** ने **श्रीमती टीना** के पति व परिवार की परेशानी बताई। जिसके बारे में विस्तृत चर्चा की गई। **प्रो. जे.एन कविराज** ने तथा **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने जीवन पच्चीसी पर चर्चा की। **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने महिलाओं को सबल होने की प्रेरणा दी। **श्रीमती हंसा** ने ग्रामीण महिलाओं के लिये उपयोगी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। 13 महिलाओं ने

ऋण सम्बन्धी किश्तें चुकाई। अन्त में नाश्ता कराया गया व यात्रा भत्ता दिया गया। उनको कुछ सुझाव दिए गए हैं।

### ग्रामीण महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण

दिनांक 23 सितम्बर 2016 को नउआ गांव में 25 महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण महावीर इंटरनेशनल के सौजन्य




से आयोजित किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम में समिति से **प्रो. सुशीला अग्रवाल, डॉ. के.एल. कोठारी, प्रो. जे.एन. कविराज तथा श्रीमती मंजुला शर्मा** 6 सिलाई मशीने लेकर सम्मिलित हुए। चंदेसरा पंचायत के पूर्व सरपंच **श्री भैरूलाल जी इंटोडिया** मुख्य अतिथि थे। सिलाई प्रशिक्षक चंदेसरा की **श्रीमती भावना भीमावत** है। प्रसन्नता की बात है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकतर शिक्षित युवतियां सम्मिलित हुई हैं। प्रशिक्षण 30 कार्यदिवस के लिए है।

### स्वास्थ्य सेवाएं

● ***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। सितम्बर माह में 9 शिविर हुए जिसमें 180 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** विज्ञान समिति में अड़तीसवां शिविर दिनांक 18 सितम्बर 2016 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ; **डॉ. एल.के. भटनागर,** वरिष्ठ फिजिशियन; **डॉ. अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ; **श्री अंकित नागौरी**–ब्लड शुगर जांच; **डॉ. भानु प्रकाश,** ई.एन.टी. विशेषज्ञ; **डॉ. जतन पालीवाल,** नेत्र रोग विशेषज्ञ; **श्री बी.एल.पोखरना, श्री एल. एन. शर्मा** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 47 नागरिकों का (15 सामान्य, 18 हृदय, 10 अस्थि, 2 ई.एन.टी., 4 नेत्र, 17 मधुमेह, 2 दंत रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 9 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी उनचालीसवां शिविर 16 अक्टूबर 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

### प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

प्रबुद्ध चिन्तन प्रकोष्ठ की मासिक बैठक दिनांक 24.09.16 को सायं 5 बजे चतुर्थ शनिवार को विज्ञान समिति सभागार में सम्पन्न हुई। इसमें **डॉ. एन.एल.कच्छारा** वक्ता थे। विषय **''मन एवं उसके स्वरुप''** पर अत्यन्त सारगर्भित विचार Power Point Presentation के माध्यम से प्रस्तुत किये। उन्होंने इस विषय पर हिन्दू व जैन धर्म में मत सम्बन्धी विचारों को स्पष्ट किया व इस गम्भीर विषय को सरल भाषा में प्रस्तुत किया।

**डॉ. के.एल. कोठारी** संस्थापक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रश्नोत्तर के माध्यम से उपस्थित जनों की जिज्ञासा को शान्त किया। लगभग 30 प्रबुद्ध जन सभाकक्ष में उपस्थित थे।

प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली चर्चाओं पर समसामयिक विषयों पर गहन चर्चाएं हुई।

### दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की 17 सितम्बर को आयोजित बैठक में 2 अक्टूबर को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि इस अवसर पर एक सर्वधर्म, सर्वसमाज अहिंसा संगोष्ठी का आयोजन किया जाए तथा जिलाधीश महोदय को सभी संस्थाओं और सरकारी विभागों में अहिंसा से सम्बन्धित कार्यक्रम के निर्देश देने हेतु निवेदन किया जाए।

### केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का 35 वां अंक (सितम्बर 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ। पुस्तक दान योजना के अंतर्गत इस माह में **श्रीमती डॉ. शैल गुप्ता** से 15 पुस्तकें प्राप्त हुई। धन्यवाद! कुछ पुस्तकें **मुनि श्री विनोद कुमार जी** से भी प्राप्त हुई।

### नई कार्यकारिणी की पदस्थापना

●समिति की नई कार्यकारिणी परिषद 2016–18 की पदस्थापना 16 सितम्बर 2016 को की गई जिसमें




निम्नांकित पदाधिकारी एवं परिषद सदस्य को पदस्थापित किया गया –

**डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा**, कार्यकारी अध्यक्ष; **डॉ. के.एल. तोतावत, डॉ. महीप भटनागर एवं डॉ. सुशीला अग्रवाल उपाध्यक्ष; श्री रमेश भटनागर, महासचिव; श्री प्रकाश तातेड़, अकादमिक सचिव; श्री मुनीश गोयल, प्रशासनिक सचिव; श्री पवन कोठारी, सचिव युवा प्रकोष्ठ; श्रीमती शकुंतला धाकड़ सचिव महिला सशक्तीकरण; इंजी. आर.के. खोखावत, श्री शांतिलाल भंडारी एवं डॉ. शैल गुप्ता संयुक्त सचिव; परिषद सदस्य - इंजी. बी.एच. बाफना, डॉ. यशवन्त कोठारी, श्री गणेश डागलिया, इंजि. अरुण कोठारी, डॉ. आई.एल. जैन, प्रो. बी.एल. चावत, प्रो. विभा भटनागर, डॉ. सुरेन्द्र छंगानी, श्री ब्रजमोहन दीक्षित, इंजि. जे.एस. पोखरना, इंजी. डी.सी. कोठारी; पदेन- प्रो. के.एल. कोठारी निवर्तमान अध्यक्ष, श्री मदनसिंह सुराणा प्रधान संरक्षक सदस्य; निदेशकगण - प्रो. एल.एल. धाकड़, इंजि. आर.के. चतुर, श्रीमती पुष्पा कोठारी, प्रो. जे.एन. कविराज; विधि सलाहकार - प्रो. आर. एल. जैन; प्रशासनिक सलाहकार - श्री सुरेन्द्र भटनागर।**









पदस्थापना के बाद कार्यकारिणी की प्रथम बैठक भी हुई जिसमें वर्तमान कार्यों की समीक्षा की गई तथा अगले महत्त्वपूर्ण कार्यों की भी जानकारी की गई। दो नए सदस्य की स्वीकृति दी गई – **श्री गणपतलाल पोरवाल एवं श्री लोकेश जोशी।**

22 सितम्बर को पदाधिकारियों की बैठक रखी गई जिसमें आवश्यक कार्यों की समीक्षा के साथ कार्यवितरण पर चर्चा हुई।

## अय बिन्दु

● 16 सितम्बर को पदस्थापना कार्यक्रम के बाद सामूहिक क्षमा याचना कार्यक्रम भी रखा गया।

● हमारे सहयोगी सदस्य **प्रो. किशोर गेरा एवं श्रीमती किरण गेरा** द्वारा सिलाई मशीन विज्ञान समिति को प्रदान की गई। हार्दिक आभार।

## सदस्यों सबंधी

● सदस्य **प्रकाश तातेड़** अणुव्रत विश्व भारती राजसमन्द के कार्यक्रम हेतु 9 से 14 सितम्बर तक आचार्य महाश्रमण के चतुर्मास स्थल गुवाहाटी गये और अपेक्षानुसार किड जोन में बालकों को खेल–खेल में संस्कार शिक्षा से लाभान्वित किया। बधाई।


●हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ. यशवन्त कोठारी** एवं निदेशक **श्रीमती पुष्पा कोठारी** 22 सितम्बर को आचार्य महाश्रमण के चतुर्मास स्थल गुवाहाटी गये और धर्मलाभ लिया।

●हमारे संरक्षक सदस्य एवं भावी अध्यक्ष **इंजी. आर.के.चतुर** अपनी छोटी पुत्री के यहां सपत्नी ढाई माह के लिए आस्ट्रेलिया पधारे हैं। उनको 24 सितम्बर समिति में सदस्यों द्वारा शुभकामना विदाई दी गई।

●हमारे प्रधान संरक्षक सदस्य **श्रीमान मदनसिंह जी सुराणा-श्रीमती लीला जी सुराणा** उनके सुपुत्र के यहां हांगकांग निवास पर हैं। महीने में दो तीन बार सदस्यों और समिति की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हैं। शुभकामनाएं।

● हमारे संस्थापक **डॉ. के.एल. कोठारी** की तीन कविताएं – **'जब लोग कहते हैं मैं वृद्ध हो गया'; 'जीवन और चिर निद्रा'; एवं 'वीरांगनाओ ! क्रान्ति लाओ'**- राजस्थान साहित्य अकादमी की मासिक पत्रिका **'मधुमती'** के सितम्बर अंक में प्रकाशित हुई। दिल्ली के एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर(समाज शास्त्र) ने फोन द्वारा इन कविताओं की सराहना की। हार्दिक बधाई।

● हमारे मानद सदस्य **प्रो. योगेश अटल** का लेख **''जाति को प्राणदान देती चुनावी राजनीति''** राजस्थान पत्रिका में प्रकाशित हुआ। हार्दिक बधाई।




**सुविचार**

❖ उनके लिए सवेरे नहीं होते जो जिंदगी में कुछ भी पाने की उम्मीद छोड़ चुके हैं। उजाला तो उनके लिए होता है जो बार बार हारने के भी कुछ पाने की उम्मीद रखते हैं।

❖ डाली से टूटा फूल फिर से लग नहीं सकता मगर डाली मजबूत हो तो उस पर नया फूल खिल सकता है । उसी तरह जिंदगी में खोए पल को वापस नहीं ला सकते मगर हिम्मत और विश्वास से आने वाले हर पल को खूबसूरत बना सकते हैं।

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर

**बुक-पोस्ट**

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**October**

| | |
|---|---|
| Sh.K.S. Nahar | 05/10 |
| Sh. R.C. Bhatnagar | 09/10 |
| Dr. Yogesh Atal | 09/10 |
| Sh.Sanjay Kothari | 10/10 |
| Dr. K.L. Menaria | 13/10 |
| Sh. K.L. Bohra | 18/10 |
| Smt. Rekha Paliwal | 19/10 |
| Sh. Ganesh Dagliya | 20/10 |
| Sh.L.L. Chandalya | 20/10 |
| Sh. B.S. Bhandari | 27/10 |
| Sh. M.S.Surana | 30/10 |



**November**

| | |
|---|---|
| Smt.Leela Surana | 01/11 |
| Dr. Shail Gupta | 01/11 |
| Dr.B.L.Chawat | 02/11 |
| Sh.S. K. Bhatnagar | 04/11 |
| Sh.M.K. Bhatnagar | 08/11 |
| Sh.H.V.Paliwal | 11/11 |
| Prof.Sushila Agarwal | 12/11 |
| Sh.Y.S. Kothari | 14/11 |
| Dr. K.L. Totawat | 2311 |
| Mrs. Kusum Bhatnagar | 24/11 |
| Dr. B.L. Baser | 27/11 |
| Smt. Monika Kothari | 29/11 |



**जन्म दिन मनाया**



श्री शान्तिलाल भंडारी - 15 सितम्बर



इंजी. आर.के. चतुर - 16 सितम्बर



इंजी. जे.एस. पोखरना - 24 सितम्बर

## विज्ञान समिति के अक्टूबर माह के कार्यक्रम

• **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

• **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 16 अक्टूबर 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✱ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 10 अक्टूबर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 17 अक्टूबर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 अक्टूबर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 22 अक्टूबर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✱ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 25 अक्टूम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✱ अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस | 02 अक्टूबर 2016 | अपराह्न 3.30 बजे से |
| ✱ डॉ. प्रभुलाल अग्रवाल स्मृति व्याख्यान | 22 अक्टूबर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |

**अपील**

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर

Quick Print Service # 94147 36608